अमर उजाला 16-01-2025

वित्तीय स्वतंत्रता पर कार्यशाला करवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन कॉलेज में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों, संकाय सदस्यों को वित्तीय साक्षरता के महत्व के बारे में शिक्षित करना था।

एनएसडीएल की वित्तीय विशेषज्ञों की टीम के नेतृत्व में कार्यशाला में व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन, निवेश रणनीतियों, धन सृजन और सेवानिवृत्ति योजना को शामिल किया गया। प्रतिभागियों को अपने वित्त को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और दीर्घकालीन वित्तीय सफलता की योजना बनाने में मदद करने के लिए व्यावहारिक उपकरण और अंतर्दृष्टि प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सत्र में वित्तीय नियोजन के महत्व पर जोर दिया और यह भविष्य में स्वतंत्रता और सुरक्षा को कैसे जन्म दे सकता है।

डॉ. भारती सुजान एम बी ए, विभागाध्यक्ष ने कहा कि विशेषज्ञों द्वारा साझा की गई। प्रो. कमलप्रीत कौर ने बताया कि ऐसी कार्यशाला प्रतिभागियों को अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बजट और बचत के प्रभावी तरीके सीखने में मदद करती हैं।

डॉ. प्रबलीन कौर ने सुझाव दिया सेवानिवृत्ति योजना समय की मांग है और संबोधित किया कि ये रणनीतियों सेवानिवृत्ति के बाद वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। इस अवसर पर डॉ गीता कौशिक, प्रो. शिवानी निझावन, प्रो. अर्चना जैन प्रो. योगिता व अन्य मौजूद रहे।